महारानी हमे चरण कमल रज दीजो

महारानी हमे चरण कमल रज दीजो
चरण कमल रज दीजो हमरे दुख दर्द हर लीजो
महारानी हमे चरण कमल रज दीजो

बाल तुम्हारे मांगें ना सोना
दिल मे तेरे मांगें मां कोना
दिल में कोना दीजो हमरी पूर्ण आशा कीजो
महारानी हमे चरण कमल रज दीजो

नोटों की हम मांगें ना ढेरी
हम तो मांगें ममता तेरी
अपनी ममता दीजो हमपर ऐसी मां तुम रीझो
महारानी हमे चरण कमल रज दीजो

जिसके आगे हर शैय सस्ती
हम तो मांगें नाम की मस्ती
नाम की मस्ती दीजो कोई लेना जाए तीजो
महारानी हमे चरण कमल रज दीजो

सागर ने मां बस इतना लेना
हमे सुखों के फल तुम देना
सुखों के फल दीजो हमरे घर मे खुशीयां बीजो
महारानी हमे चरण कमल रज दीजो
चरण कमल रज दीजो हमरे दुख दर्द हर लीजो

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33988/title/maharani-humein-charan-kamal-raj-deejo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |